बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1656 पटना, दिनांक :– 05/04/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 262–। दिनांक 05.09.2023 द्वारा श्री अभिजीत कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01203) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि निदेशालय पत्रांक 10417 दिनांक 05.08.2020 द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा में पदस्थापन के पश्चात् श्री कुमार योगदान देकर दिनांक 24.08.2020 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1220 दिनांक 05.03.2024 द्वारा श्री कुमार से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध 03 दिनों के अन्दर इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण की मांग की गयी है कि निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा। इतने स्पष्ट निदेश के बावजूद भी इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो वरीय पदाधिकारी के निदेश के अवहेलना का परिचायक है।

श्री कुमार 03 वर्षो से अनुपस्थित हैं एवं इस संबंध में इनके द्वारा कभी भी अपने पदस्थापित कार्यालय से सम्पर्क नहीं किया गया है। इसके बावजूद भी नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है, परन्तु इनके द्वारा कोई प्रतिउत्तर नहीं दिए जाने से स्पष्ट है कि ये अपने कर्त्तव्य के प्रति उदासीन एवं लापरवाह हैं तथा कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं।

विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध एवं सरकार की महत्वाकांछी योजना है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से ही विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का नियोजन किया गया है एवं इस उद्देश्य से सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मी भी अवगत हैं। ऐसी स्थिति में ऐसे कर्मियों को संविदा में बनाए रखना कार्यहित में उचित नहीं होगा।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 के नियम 8(4) के आलोक में श्री अभिजीत कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01203) का संविदा नियोजन दिनांक 24.08.2020 से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 5/4/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1656 **पटना, दिनांक** :– 05/04/2024

प्रतिलिपि :– श्री अभिजीत कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01203), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1656 **पटना, दिनांक** :– 05/04/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1656 **पटना, दिनांक** :– 05/04/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/4/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप